# <u>रिपोर्ट</u>

## ‘अभिव्यक्ति’

(हिन्दी वाद विवाद समिति) 2018

**संयोजिका– डॉ. रजत रानी आर्य**

**छात्रा संयोजिका– रीतिका भटनागर**

‘अभिव्यक्ति’ (हिन्दी वाद विवाद समिति) पूरे वर्ष सक्रिय रह कर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। दिनांक 5 सितम्बर 2018 को ‘अभिव्यक्ति’ हिन्दी वाद विवाद समिति ने ‘अंतःकक्षा और ‘नवागत’ छात्राओं’ के लिए हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विषय था– ‘पापुलर मीडिया ने महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाया है’ इस प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. मैत्रेयी कुमारी संस्कृत विभाग और डॉ. दीनदयाल हिन्दी विभाग के थे। इस प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार रिशा गांगुली (राजनीति विज्ञान, तृतीय वर्ष), द्वितीय पुरस्कार सोफिया अली (राजनीति विज्ञान), तृतीय पुरस्कार सुमन साहू(राजनीति विज्ञान, तृतीय वर्ष) को नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। दो प्रोत्साहन पुरस्कार कल्पना (राजनीति विज्ञान, तृतीय वर्ष) और मंजरी (हिन्दी विशेष, द्वितीय वर्ष) ने जीते।

प्रतियोगिता के दूसरे चरण में नवागत छात्राओं के लिए वाद विवाद प्रतियोगियता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार बुरशा (राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष), द्वितीय पुरस्कार तान्या गोयल (समाज शास्त्र, प्रथम वर्ष), तृतीय पुरस्कार कनिका (बी.कॉम, प्रथम वर्ष) दो प्रोत्साहन पुरस्कार रखे गये जिसमें नीरज रेक्सवाल (हिन्दी विशेष, प्रथम वर्ष) और मानसी अग्रवाल ( बी.कॉम, प्रथम वर्ष) जीते।

15 सितम्बर 2018 को ‘अभिव्यक्ति’ की ओर से अंतर्महाविद्यालय हिन्दी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका विषय था ‘वैश्विक होती हिन्दी ने रोजगार के अवसर बढ़ाये हैं’। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में कल्लोल चक्रवर्ती और डॉ. पूरन सिंह थे। प्रथम पुरस्कार शिवांश, (बी.ए.प्रोग्राम) मोतीलाल नेहरु कॉलेज (सांध्य) द्वितीय पुरस्कार कंचन चौहान (बी.ए. प्रोग्राम) मैत्रेयी कॉलेज, तृतीय पुरस्कार कल्पना (बी.ए. हिन्दी विशेष), कमला नेहरू कॉलेज को दिए गये। इसके अलावा दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गये जिसमें शिखा सिंह, (बी.ए. प्रोग्राम) राजधानी कॉलेज, और आरती पासवान, बी.ए. (प्रोग्राम), जानकी देवी मैमोरियल कॉलेज ने जीते। सभी पुरस्कार नगद प्रदान किए गये।

इस वर्ष की ‘चल वैजयंती’ राजधानी कॉलेज की शिखा सिंह (बी.ए. प्रोग्राम) और गोविंद पाठक, बी.ए. (इंग्लिश ऑनर्स) ने जीती।

सुमन साहू, बी.ए.(राज.विज्ञान) तृतीय वर्ष कमला नेहरू कॉलेज 1 नवंबर 2018 को हंसराज कॉलेज में 'शिक्षा ही मानवीय मूल्यों का आधार है' विषय पर शांति नारायण वाद विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार जीता।

13 मार्च 2019 को कमला नेहरू कॉलेज के वार्षिक उत्सव **'उल्लास'** के अवसर पर अन्तर्महाविद्यालय आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कॉलेजों से आए अनेक छात्र–छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें निर्णायक थे– शहीद भगत सिंह कॉलेज की डॉ. कमलेश कुमारी और दयाल सिंह कॉलेज की डॉ. सुनीता देवी मेहरा। इस प्रतियोगिता में विजयी छात्र–छात्राएं निम्न रहीं–**प्रथम पुरस्कार दीपक** (बी.ए.राज.वि. ऑनर्स) आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज को, **द्वितीय पुरस्कार** पंकज (बी.एस.सी. ऑनर्स) रामानुज कॉलेज का, **तृतीय पुरस्कार** प्रशांत शोकीन (बी.ए. ऑनर्स) हिन्दू कॉलेज को दिए गये। इसके अलावा **चार प्रोत्साहर पुरस्कार** भी प्रदान किए गये जिसमें विजयी छात्र निम्न रहे–(बी.एस.सी. ऑनर्स) आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज को नगद पुरस्कार, गौरव (बी.एस.सी. ऑनर्स अर्थशासत्र) किरोड़ीमल कॉलेज को नगद पुरस्कार, पूजा (बी.ए. प्रोग्राम) कमला नेहरू कॉलेज को नगद पुरस्कार और कल्पना (बी.ए. ऑनर्स राज.शास्त्र) कमला कॉलेज को नगद पुरस्कार प्रदान किए गये। सभी को कॉलेज के नियमावली के अनुसार नगद पुरस्कार दिए गये।